बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड

कार्यालय
विद्युत अधीक्षण अभियंता
संचरण अंचल भागलपुर, पो0–सबौर, पिनकोड–813210
email:esetcbhagalpur@gmail.com

निविदा प्रक्रिया की शर्ते

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड संचरण अंचल भागलपुर प्रांगण के सबौर स्थित आवासीय कॉलोनी के बगीचा एवं आवासीय परिक्षेत्र में, आम के 88 (अठासी) वृक्ष के फलो को निविदा वर्ष 2020–21 के लिए दिनांक–08.01.2021 को 03:00 बजे अपराह्न तक मोहर बन्द निविदा आमंत्रित किया जाता है।निविदा की अन्य शर्ते निम्नलिखित है:–

1 निलामी के पूर्व किसी भी कार्य दिवस को सहायक कार्यपालक अभियंता संचरण अवर प्रमंडल सबौर से सम्पर्क कर निलामी योग्य वृक्षों का अवलोकन किया जा सकता है।

2 निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 500=00 (पॉच सौ) मात्र जो लौटाया नही जायेगा।

3 निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तारीख दिनांक– 07.01.2021 (05:00 बजे तक)।

4 निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तारीख दिनांक– 08.01.2021 (03:00 बजे अपराह्न तक) ।

5 निविदा प्रपत्र के साथ अग्रधन की राशि रू0 10000.00 (दस हजार) मात्र जो अग्रधन बैंक ड्राफ्ट के रूप में लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल भागलपुर के नाम से देय तथा भागलपुर में ही भुगतेय होगा। निलामी प्रक्रिया पुर्ण होने के पश्चात सफल अभिकर्ता को छोड़कर बांकी अभिकर्ताओं का बैंक ड्राफ्ट लौटा दिया जायेगा।

6 निविदा खुलने की तिथि– 08.01.2021 (03:30 बजे अपराह्न)।

7 सफल निविदा दाता को निविदा की राशि तीन दिनों के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर उनकी हक समाप्त करते हुए अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।

8 निविदा में वर्णित वित्तीय शर्तो को सफल अभिकर्त्ता द्वारा पूरा नही किए जाने की स्थिति में द्वितीय एवं तृतीय क्रमानुसार अभिकर्त्ता को आमंत्रित करते हुए उनका अग्रधन राशि को निविदा के निर्णय तक रोक रखा जायेगा।

9 निविदा प्रपत्र रू0 500=00 (पॉच सौ) नगद भुगतान कर रोकड़पाल संचरण अंचल भागलपुर से कार्य अवधि के दौरान प्राप्त किया जा सकेगा।

10 निविदा प्रपत्र बैंक ड्राफ्ट के साथ बंद लिफाफे में सील कर दिनांक –08.01.2021 के तीन बजे अपराह्न तक संचरण अंचल भागलपुर (सबौर) के कार्यालय में डाक/कोरियर/स्वतः भेजा जा सकता है, दिनांक– 08.01.2021 के तीन बजे अपराह्न के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार नही किया जायेगा।

P.T.O

11 सफल अभिकर्त्ता को रू0 5000= 00 (पॉच हजार) मात्र रोकड़पाल संचरण अंचल भागलपुर के पास जमा करना होगा, जो फलों के संग्रहण अधिकार तिथि के उपरांत एवं किसी भी कर्मचारी अथवा पदाधिकारी से अभद्र व्यवहार नही करने तथा किसी भी प्रकार की क्षति नही करने पर वापस किया जा सकेगा, निविदा प्राप्त कर्त्ता को फलों का संग्रहण अधिकार मात्र दिनांक– 31.08.2021 तक ही मान्य समझा जायेगा साथ ही फल तोड़ाई से एक दिन पूर्व सहायक कार्यपालक अभियंता, सबौर / विद्युत कार्यपालक अभियंता (तकनिकी) को सूचित करना होगा।

12 कॉलोनी परिसर में सफल अभिकर्त्ता द्वारा बोर्ड की सम्पत्ती की क्षति होने पर उसकी जिम्मेवारी अभिकर्त्ता पर ही होगी, किसी भी अपराधिक तत्वों का कॉलोनी परिसर में प्रवेश निषेध होगा।

13 निविदा संबंधि अन्य नियम शर्तो की सारी जानकारी किसी भी कार्य दिवस को संचरण अंचल भागलपुर कार्यालय से ली जा सकती है।

14 निविदा हेतु बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लिमिटेड के पत्र में आंकलित न्युनतम राशि से डाक में राशि कम पाये जाने की स्थिति में निविदा निरस्त किये जाने का पूर्ण अधिकार, अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

15 संवेदक एवं उनके सभी कर्मचारी सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल सबौर से पंजीकृत पहचान पत्र के साथ ही परिसर में प्रवेश पा सकेंगे।

16 संवेदक को 24 घंटे न्युनतम 2 सुरक्षा प्रहरी संविदा शुरू से लेकर समाप्त होने तक परिसर में पदस्थापित करना अनिवार्य होगा।

ह0 / –
(आशीष कुमार)
विद्युत अधीक्षण अभियंता

ज्ञापांकः– 999 / भागलपुर, दिनांकः– 21/12/2020

प्रतिलिपिः– उप महा प्रबंधक (मानव संशाधन) / उपमहाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी), बिहार स्टेट पावर ट्रांशमिशन कम्पनी लिमिटेड पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित। अनुरोध है कि उपरोक्त शर्तो को बि0 स्टेट पावर ट्रांशमिशन कं0 लि0 पटना के वेब साइट पर डालवाने का कृपा किया जाय।

आशीष कुमार 21.12.2020
(आशीष कुमार)
विद्युत अधीक्षण अभियंता